Roll No. ....
Signature of Invigilator ………………………

Paper Code
BD-302

पतंजलि विश्वविद्यालय

University of Patanjali

Examination December – 2018

B.A. Philosophy (Semester: Third)

Philosophy

वैशेषिक दर्शन–1

Time: 3 Hours **Max. Marks: 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खंडों अ, ब, तथा स में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

खण्ड–अ
(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'अ' में पांच (05) दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न दिए हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3×15=45)**

1. वैशेषिक दर्शन के अनुसार द्रव्य, गुण तथा कर्म का उदाहरणपूर्वक स्वरूप निरूपण करें।
2. 'अनित्यः शब्दः' इस सिद्धान्त की पुष्टि में वैशेषिक दर्शन द्वारा प्रतिपादित प्रमाणों को प्रस्तुत करें।
3. अधीतग्रन्थानुसार आत्मा तथा मन के स्वरूप का सप्रमाण वर्णन करें।
4. द्रव्य, गुण तथा कर्म में परस्पर साधर्म्य – वैधर्म्य की प्रमाणपूर्वक व्याख्या करें।
5. 'शब्द एक गुण है तथा आकाश शब्द का समवायिकारण है' – सिद्धान्त की पुष्टि में प्रमाण प्रस्तुत करें।

खण्ड–ब
(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ब' में छः (06) लघु–उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×5=20)**

1. अयोनिज शरीर की सिद्धि में प्रमाण प्रस्तुत करें।
2. वैशेषिक दर्शनानुसार योग तथा मोक्ष के स्वरूप का प्रतिपादन करें।
3. "यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः" सूत्र की सप्रसंग व्याख्या करें।
4. वैशेषिक दर्शनानुसार वायु द्रव्य की परीक्षा प्रमाणपूर्वक करें।
5. संशय क्या है तथा कैसे होता है? सूत्र व उदाहरण सहित समझाएँ।
6. वैशेषिक दर्शन के परिपेक्ष्य में समवायिकारण, असमवायिकारण तथा निमित्तकारण को उदाहरणपूर्वक स्पष्ट करें।

खण्ड–स

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'स' में पाँच (05) अतिलघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए। **(05×01=05)**

1. सत्ता को परिभाषित करें।
2. "प्राणापाननिमेष ...." सूत्र पूर्ण करें।
3. वैशेषिक मत में आत्मा एक है अथवा अनेक ?
4. पृथिवी द्रव्य के गुण क्या–क्या हैं ?
5. वैशेषिक दर्शन के रचनाकार तथा भाष्यकार कौन हैं ?

---------------x---------------